बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

(बिहार सरकार का उपक्रम)

कॉर्पोरेट पहचान सं0(CIN)-.U4500BR1974SGC001126

प्रधान कार्यालय–कौटिल्य नगर, बि0वि0स0पु0–5, थाना–हवाई अड्डा थाना, पटना–800014

ई0 कमल किशोर प्रसाद

मुख्य अभियन्ता

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727

मेबाईल : 9471006801

ई–मेल :cepolicenigam@bihar.gov.in

वेबसाईट :www.bpbcc.bihar.gov.in

संचिका संख्या :–WA/C- 11315/23–24 पटना, दिनांक :– ...4.../.10.../2024

कार्यालय आदेश–....394/2024

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के निविदा आमंत्रण सूचना सं0–52/SBD/2023–24, के ग्रुप सं0–04 के माध्यम से " मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी थाना भवन (G+3 Structure) आधारभूत संरचनाका विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य (पुनर्निविदा)। " हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी।

1. निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका–35 के अनुसार निविदाकारों को " केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समान प्रकृति का कार्य कराने का अनुभव का साक्ष्य संलग्न (अपलोड) करना आवश्यक था।
2. ई–निविदा सूचना सं0–52/SBD/2023-24 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.02.2024 को 17:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित थी।
3. बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पत्रांक–एच0क्यू0 590 दिनांक– 20.02.2024 के द्वारा ई–निविदा सूचना सं0–52/SBD/2023-24 के अनतर्गत निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–05.03.2024 को 17:00 बजे अपराह्न तक विस्तारित की गयी।
4. उक्त निविदा में 06 संवेदकों यथा–1.मे0 मालती सिंह कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, 2. दिलीप कुमार मिश्रा, 3. कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, 4. पी0 एस0 इन्टरप्राइजेज, 5.राजीव कुमार एवं 6.रामचन्द्र प्रसाद एण्ड संस कम्पनी द्वारा निविदा में भाग लिया गया।
5. मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 द्वारा निविदा की शर्त सं0–35 के अनुपालन में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के पत्र सं0–1016 दिनांक–03.08.2022 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया था।
6. मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 द्वारा समर्पित कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग, के पत्रांक–1016, दिनांक– 03–08–2022 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate), को सत्यापित करने हेतु, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पत्रांक–117 (मो0) दिनांक–21.06.2024 को दिनांक–21.06.2024 के अपराह्न 02:03 बजे Whatsup के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग, को भेजा गया।
7. तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, बिहार पुलिस भवन निर्माण के उपर्युक्त पत्र के आलोक में श्री अमित कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के पत्रांक 995 दिनांक–21.06.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि "मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन द्वारा निविदा के साथ संलग्न (कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के पत्रांक–1016 दिनांक–03.08.2022 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं है।"

8. उपर्युक्त तथ्यों से यह प्रमाणित होता है कि मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, हरहद कान्देर, पानी टंकी के नजदीक, पोटमदागा, रामगढ, झारखण्ड–835208 एवं कंपनी के निदेशक श्री ब्रजेश कुमार, पिता–मनोरंजन सिंह, हरहद कान्देर, पानी टंकी के नजदीक, पोटमदागा, रामगढ, झारखण्ड–825101 तथा निदेशक–श्री मनोरंजन सिंह, पिता–श्री बंशीधर सिंह, हरहद कान्देर, पानी टंकी के नजदीक, पोटमदागा, रामगढ, झारखण्ड–825101, के द्वारा आपराधिक षडयंत्र एवं जालसाजी कर, जाली अनुभव प्रमाण पत्र तैयार कर एवं उक्त जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित कर, छल पूर्वक बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढ़ंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया गया है।

9. निविदा के साथ जाली कागजात समर्पित करने के लिए दोषी पाये जाने पर NIT के शर्त एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के ज्ञापांक– एच0क्यू0 182, दिनांक–18–01–2024 द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश के अनुसार निविदाकार के विरूद्ध निम्न कार्रवाई का प्रावधान है।

i. NIT **के कंडिका 41 (च)** के **अनुसार** निविदाकार को निम्न आशय का शपथ पत्र देना होता है। **" गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कोई अभिलेख असत्य, नकली या जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार मेरे ऊपर विधि–सम्मत दण्ड, मेरे निबंधन को काली सूची दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे। "**

ii. **NIT के कंडिका 43** के अनुसार **" जॉच के क्रम में कोई भी अभिलेख गलत पाये जाने पर बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।"**

iii. बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के ज्ञापांक– एच0क्यू0 182, दिनांक–18–01–2024 द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश में संवेदको द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, बैंक गारंटी आदि कागजातों को सत्यापन के क्रम में जाली एवं कूट रचित पाये जाने पर उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, निबंधन को कालीसूची में डाले जाने तथा अग्रधन को जब्त करने की कार्रवाई समानान्तर रूप से किये जाने का आदेश निर्गत है।

10. जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के लिए दोषी निविदाकार मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 से बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम के तहत जालसाजी एवं छल के आरोप में उनके निबंधन को काली सूची में डालने की कार्रवाई के पूर्व इस कार्यालय के पत्रांक HQ 3306 दिनांक–17.08.2024 द्वारा स्पष्टीकरण पूछकर एक सप्ताह के अंदर उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया।

11. मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 द्वारा दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है।

अतः आपराधिक षड़यंत्र के तहत निविदा के साथ जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित कर छल पूर्वक कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास करने हेतु NIT के कंडिका 41 (च), कंडिका 43 एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के ज्ञापांक– एच0क्यू0 182, दिनांक–18–01–2024 द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश के आलोक में निविदाकार मे0 कान्देर कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना सं0–52/SBD/2023–24, ग्रुप सं0–04 के निविदा में संलग्न अग्रधन को जब्त किया जाता है।

मुख्य अभियंता।

(107)

ज्ञापांक– Ifo 4061 पटना, दिनांक– 4 / 10 / 2024

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता (मो0), अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 एवं 02/ मुख्य लेखा पदाधिकारी/ कार्यपालक अभियंता, मोनेटरिंग, बी0ओ0क्यू0 एवं गुण नियंत्रण/ मुख्य अभियंता के तकनीकी सचिव/ मुख्य अभियंता के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय, पटना एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पटना/राजगीर/मगध प्रमण्डल कैम्प डिहरी ओन सोन/ भागलपुर/ दरभंगा/ पूर्णियॉ/ मुजफ्फरपुर प्रमण्डल कैम्प हाजीपुर एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल/पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/10/24

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक– Ifo 4061 पटना, दिनांक– 4 / 10 / 2024

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/ मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औघोगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/10/24

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– Ifo 4061 पटना, दिनांक– 4 / 10 / 2024

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरि, निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4/10/24

मुख्य अभियंता।